# अडानी, बिसलेरी, अपोलो समेत 45 को जमीन जल्द

## चार हजार करोड़ का निवेश : गीडा में सीएम योगी आदित्यनाथ देंगे इन कंपनियों को जमीन आवंटन का प्रमाणपत्र

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गीडा में जल्द ही 4000 करोड़ के निवेश से 45 नई फैक्टरियां लगेंगी। इनमें अडानी, बिसलेरी, अपोलो, पीवीएस जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा गीडा के नजदीक ही एक निजी समूह का रिजॉर्ट भी जल्द शुरू होगा। इन समूहों के आने से सैकड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

रिजॉर्ट का लोकार्पण और फैक्टरियों के लिए जमीन का आवंटन पत्र सीएम के हाथों देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री की सहमति मिलते ही तारीख की घोषणा हो जाएगी। प्रक्रिया को तेज करने के साथ ही अगले हफ्ते यह कार्यक्रम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

गीडा में अडानी ग्रुप ने सीमेंट फैक्ट्री के लिए, लोटस सिंगापुर ग्रुप ने बिसलेरी ब्रांड का बॉटलिंग प्लांट लगाने के लिए, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) व आईआईएमटी यूनिवर्सिटी ने शिक्षण संस्थान के लिए, अपोलो ट्यूब्स ने स्टील पाइप फैक्ट्री के लिए और स्टैम्ज टेक ने कोल्ड रोल फार्मिंग सेक्शन, वैगन निर्माण एवं रखरखाव के लिए कुल मिलाकर 128 एकड़ जमीन की मांग कर रखी है।

इसके अलावा 50 से अधिक छोटे निवेशकों ने भी अपनी फैक्टरियों के लिए जमीन मांगी थी। बीते जुलाई में इसके लिए आवेदन हुए थे। जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ओपोली ट्यूब्स समेत 45 कंपनियों को गीडा के विभिन्न सेक्टरों में जमीन आवंटित की जा चुकी है। अब इन्हें आवंटन पत्र दिया जाना है। इसके अलावा गीडा से नौसड़ वाले रास्ते पर कालेसर जीरो प्वाइंट के नजदीक ही एक निजी कंपनी ने रिजार्ट बनवाया है, जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री को करना है।



### पेप्सिको की यूनिट का अगले महीने होगा उद्घाटन

**गीडा में लगी पेप्सिको की फैक्टरी से उत्पादन तो शुरू हो गया है, लेकिन सीएम का समय नहीं मिल पाने के चलते अभी इसका**



औपचारिक उद्घाटन नहीं हुआ है। करीब 1100 करोड़ की लागत से बनी इस फैक्टरी का शिलान्यास भी पिछले साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ही किया था। रिकार्ड समय में इससे उत्पादन शुरू हो गया है। यहां तैयार उत्पाद को यूपी-बिहार समेत देश के दूसरे हिस्सों में भी भेजा जा रहा है। इस फैक्टरी का उद्घाटन सितंबर में प्रस्तावित है।

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित बड़े निवेश

| निवेशक | प्रोजेक्ट | वांछित भूमि | पूंजी निवेश | प्रस्तावित रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| अडानी ग्रुप | सीमेंट फैक्ट्री | 65 एकड़ | 1500 करोड़ | 5000 |
| शाही एक्सपोर्ट | रेडीमेड गारमेंट | 26 एकड़ | 1000 करोड़ | 1800 |
| आईआईएमटी | शिक्षा संस्थान | 4 एकड़ | 625 करोड़ | 300 |
| अपोलो ट्यूब्स | स्टील पाइप | 17 एकड़ | 300 करोड़ | 2000 |
| स्टैम्ज टेक | वैगन निर्माण | 6 एकड़ | 150 करोड़ | 300 |
| लोटस सिंगापुर | बिसलेरी प्लांट | 6 एकड़ | 100 करोड़ | 500 |
| डीपीएस | शिक्षा संस्थान | 4 एकड़ | 50 करोड़ | 200 |

बदल रहा है गोरखपुर

## पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित होगा मुक्ताकाशी मंच

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। रामगढ़ताल के पास स्थित मुक्ताकाशी मंच भी अब आम लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। यह सिर्फ साहित्यिक आयोजनों का स्थान नहीं रहेगा बल्कि एक पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित होगा, जहां हर आयु वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ होगा। इसके लिए जीडीए ने पहल की है।

जीडीए चाहता है कि रामगढ़ताल आने वाले लोग सिर्फ वहीं सीमित होकर न रह जाएं। इसके लिए आसपास के क्षेत्रों को भी विकसित किया जा रहा है। जीडीए के मुख्य अभियंता किशन सिंह ने कहा कि मुक्ताकाशी मंच क्षेत्र में अब तक सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम ही होते हैं, जिसके चलते लोगों का यहां आना-जाना काफी कम होता है। इसके कारण इसका रखरखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा। इस स्थान पर लोगों की आवाजाही बढ़ाने के लिए जीडीए ने एक निजी फर्म का चयन किया है। यह फर्म मुक्ताकाशी मंच पर अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी करा सकेगी। इसके अलावा यहां फूड कोर्ट, स्थानीय शिल्पकारों-मूर्तिकारों के लिए स्टाल, किसान बाजार, खेलकूद संबंधी गतिविधियां, स्पोर्ट्स क्लब, खेल मैदान सरीखी गतिविधियों की व्यवस्था की जाएगी।

**फर्म देगी 1.15 लाख किराया** : जीडीए को इस अनुबंध से आय भी होगा। चयनित फर्म जीडीए को हर माह 1.15 लाख किराया अदा करेगी। फर्म 10 साल तक मुक्ताकाशी मंच कर रखरखाव और संचालन करेगी। फर्म का कामकाज अच्छा रहा तो अवधि पांच साल के लिए और बढ़ाई जा सकेगी।



मुक्ताकाशी मंच जल्द लोगों को अपनी ओर करेगा आकर्षित। अमर उजाला

### *गाजियाबाद की फर्म करेगी संचालन*

*जीडीए ने 'मुक्ताकाशी मंच' का संचालन और रखरखाव निजी हाथों में सौंप दिया है। ई-टेंडर के जरिए चयनित गाजियाबाद की फर्म मेसर्स बाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को प्राधिकरण ने वर्क आर्डर भी 24 अगस्त को सौंप दिया। चयनित फर्म मुक्ताकाशी मंच में सुबह 06 बजे से रात 12 बजे तक निर्धारित गतिविधियां संचालित कर सकेगी। फर्म के निदेशक धर्मेंद्र मिश्रा का कहना है कि जल्द ही अनुबंध संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर तय मानक के अनुसार काम शुरू करा दिया जाएगा।*

### *ओपन एयर थियेटर में दो सौ लोगों के बैठने की क्षमता*

*मुक्ताकाशी मंच 9700 वर्ग मीटर में बना है। इसके ओपन एयर थियेटर में 200 लोगों के बैठने की क्षमता है। यहां चार ग्रीन रूम, वातानुकूलित दो वीआईपी ग्रीन रूम, महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग दो टॉयलेट ब्लाक, एक पम्प रूम और एक गार्ड रूम है।*

मुक्ताकाशी मंच के संचालन और रखरखाव को लेकर निजी फर्म का चयन किया गया है। इससे प्राधिकरण के आय में न केवल इजाफा होगा, बल्कि उसके बेहतर रखरखाव के साथ शहरवासियों को नए तरह के अनुभव को उपलब्ध कराने में सहायक साबित होगा।

**- आनंद वर्द्धन,** उपाध्यक्ष जीडीए